इस वर्ष राज्य में 16 हजार किमी सड़कें बनेंगी

सीएम ने की बैठक

पटना | **हिन्दुस्तान ब्यूरो**

मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने बुधवार को ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले वर्ष मार्च तक अधूरी ग्रामीण सड़कों को पूरा कर लें। यह भी निर्णय हुआ कि चालू वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 12000 किमी व मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत 6000 किमी नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

बीपीएल में नाम दर्ज कराने को पहुंची सीएम आवास

पटना। मुख्यमंत्री ने बुधवार को भी लोगों की समस्याएं सुनी। औद्योगिक मजदूर संघ के अजय ने शिकायत की कि वैशाली पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक फीडर एंड बैलैंसिंग डेयरी फुलवारीशरीफ पटना के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह गैर कानूनी ढंग से ठेकेदारी प्रथा चला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पशुपालन विभाग के प्रधान सचिव को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। खगौल के कोथवां से आई बेबी देवी ने कहा कि उसके पति की हादसे में मौत हो गई है। छोट-छोटे बच्चे हैं। बच्चों की परवरिश के लिए उसका नाम बीपीएल सूची में जोड़ा जाए तथा विधवा पेंशन एवं परिवारिक लाभ दिलाया जाए।

ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस वर्ष 4250 किमी ग्रामीण सड़कों के मेंटेनेंस के काम को भी पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री को बताया गया कि ग्रामीण सड़कों के निर्माण को ले पांच करोड़ घन मीटर मेटल की आवश्यकता होगी। इस पर मुख्यमंत्री ने अलग से माइनिंग लीज पॉलिसी तैयार करने का निर्देश दिया। ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि अभी 22,600 किमी ग्रामीण सड़कें निर्माणाधीन हैं। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा 55,500 किमी सड़कों के मेंटेनेंस व निर्माण के काम को हाथ में लिया जाएगा। इस वर्ष मेंटेनेंस के तहत 4250 किमी सड़क ली जाएगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिया कि बोधगया के महत्वपूर्ण पथ बोध गया से चरखी शोध बाजार, बाराचट्टी से धनगई, बोधगया से सिलौंजा, मोहनपुर से लारू जैसी सड़कों पर विशेष ध्यान देते हुए निर्माण कराया जाए। इन सड़कों पर पड़ने वाले पुलों के निर्माण को ले शीघ्र डीपीआर तैयार किया जाए। नई सड़कों को कोर नेटवर्क में शामिल किया जाए।

बुधवार को अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी।